# जिस दिन परामर्श, उसी दिन होगी पैथोलॉजी जांच, मरीज को नहीं आना होगा दूसरे दिन

## चिकित्सा शिक्षा सचिव ने मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध सभी अस्पतालों को दिए निर्देश

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब प्रदेश के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में मरीज की पैथोलॉजी

■ **लैब में सेम्पल कलेक्शन का बढ़ाया जाएगा समय**

जांच परामर्श के दिन ही की जाएगी। इसके लिए जांच लैब में सैंपल कलेक्शन का समय और स्टाफ बढ़ाया जाएगा। साथ ही, किसी भी रोगी को निजी अस्पताल में नहीं भेजा जाएगा।

चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने शुक्रवार को चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह माता पिता अपने बच्चों का ख्याल रखते हैं, उसी भावना के साथ रोगी की सेवा की जाए। बैठक में सभी 29 मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं संबद्ध 81 अस्पतालों के अधीक्षक

**चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने शुक्रवार को चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिए।**

उपस्थित रहे।

चिकित्सा शिक्षा सचिव ने कहा कि अस्पतालों में आमजन को बेहतरीन उपचार उपलब्ध करवाने के लिए जांच, दवा एवं उपचार की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दृष्टि से लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी एवं लू तापघात की स्थितियों के दृष्टिगत सभी अस्पतालों में माकूल इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। किसी भी अस्पताल में पंखे, कूलर, एसी, पेयजल, छाया, साफ-सफाई, जांच, दवा एवं उपचार की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे। उन्होंने कहा कि दवा वितरण केंद्रों पर एक माह एवं सब स्टोर पर तीन माह का स्टॉक आवश्यक रूप से उपलब्ध रहे। इससे कम स्टॉक होने पर तत्काल ई औषधि स्टॉक के आधार दवाइयां भिजवाई जाएं।

चिकित्सा शिक्षा सचिव ने कहा कि सभी अस्पतालों में बिजली से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दो इलेक्ट्रिशियन रखे जाएं। साथ ही, उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को सभी अस्पतालों में सिविल और विद्युत दोनों कार्यों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेकेदार को अस्पताल परिसर में 247 चौकी स्थापित करनी होगी, जिसमें इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, बढ़ई और मिस्त्री तैनात रहेंगे, जो चौबीसों घंटे मरम्मत कार्य के लिए उपलब्ध होंगे।

चिकित्सा शिक्षा सचिव ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट्स के सुचारू संचालन पर जोर देते हुए कहा कि जहां भी प्लांट्स मेंटीनेंस के अभाव में बंद हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से ठीक करवाकर क्रियाशील किया जाए।

साथ ही, ऑक्सीजन रिफिलिंग का भुगतान भी समय पर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में अव्यवस्था पाए जाने पर नोडल अधिकारी एवं संस्थान प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। रोगियों के उपचार में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

अम्बरीष कुमार ने ई-फाइलों एवं ई-डाक के समयबद्ध निस्तारण, नकारात्मक समाचारों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे ध्यान में रखते हुए घोषणाओ की टाइमलाइन निर्धारित कर उनसे संबंधित कार्यवाही समय पर की जाए। साथ ही, अस्पतालों में सिविल कार्यों को समय पर पूरा करने के साथ ही उनकी गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए।

इससे पहले चिकित्सा शिक्षा सचिव ने जेके लोन अस्पताल पहुंचकर वहां वार्डों, आईसीयू, जांच लैब, दवा वितरण केंद्र आदि का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों को सुधार के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भीड प्रबंधन एवं क्यू मैनेजमेंट पर काम शुरू किया जाए, ताकि लोगों को कतारों से मुक्ति मिले।

# गांजे की तस्करी करने वाले सप्लायर को धर-दबोचा

**जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने प्रताप नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।**

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत प्रताप नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक तस्कर को धर-दबोचा है और उसके पास से 5 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने प्रताप नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले तस्कर मंजूर आलम (24)निवासी चिलमिलिय सुपोल बिहार को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 5 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित यह अवैध मादक पदार्थ जयपुर में रहने वाले बिहार एक व्यक्ति से लेकर आता है और फिर छोटी-छोटी पूडियां बनाकर ग्राहकों को बेचता है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे मे पूछताछ की जा रही है।

# युवक से ठगे 10 लाख

**जयपुर।** बस्सी थाना इलाके में युवती ने मंगेतर बनकर एक युवक से साइबर ठगी कर ली। ठगों ने युवक से कई बार में 10 लाख रुपए से ज्यादा की राशि अपने खातों में डलवा ली।

■ **लैब में सेम्पल कलेक्शन का बढ़ाया जाएगा समय**

ठगी का पता पीडित को ससुराल से बातचीत होने पर लगी। इस पर पीडित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गुनवालों की ढाणी निवासी गिर्राज प्रसाद मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी 9 मार्च को सुमन मीणा से सगाई हुई थी। 11 मार्च को एक युवती ने उसे फोन किया और खुद को उसकी मंगेतर बताया। युवती ने जो अपना नाम और पता बताया वह पीडित की मंगेतर और ससुराल का था। विश्वास में आकर पीडित ने जब भी युवती ने उसे क्यूआर कोड भेजा उस पर खरीददारी के बदले रुपए डालता चला गया। युवक ने 28 बार में करीब 10 लाख रुपए अधिक की राशि डलवा लिए। इसी दौरान उसकी ससुराल वालों से बातचीत हुई तो उसने यह बात बताई तो ठगी का उसे पता चला।

# ई.डी. की कार्यवाही का विरोध जताया

**जयपुर।** ईडी द्वारा राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चालान पेश करने के विरोध में जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के 16 ब्लॉको में धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया।

विरोध प्रदर्शन के तहत विद्याधर नगर में ब्लॉक अध्यक्ष बद्री नारायण कुमावत के नेतृत्व में स्मृति वन चौराहा रोड नंबर एक, सीकर रोड, झोटवाड़ा में हरेंद्र सिंह जादौन, ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में पंचायत समिति चौराहा झोटवाड़ा,जगतपुरा में ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश खारड़ा के नेतृत्व में गेटोर मोड,जगतपुरा ,बगरू में ब्लॉक अध्यक्ष रामावतार मोगरा के नेतृत्व में बगरू पुलिया के नीचे,किशनपोल में राजेश गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में संजय सर्किल, चांदपोल,हवा महल विधानसभा के हवा महल ब्लॉक में जिला अध्यक्ष आर आर तिवाडी के नेतृत्व में शास्त्री नगर जयपुर, सिविल लाइन में विधानसभा रोहिताश सिंह और राजकुमार शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में गुर्जर की थड़ी,आदर्श नगर विधानसभा के रामगंज ब्लॉक में विधायक रफीक खान एवं ब्लॉक अध्यक्ष मुस्तफ़ा आलम के नेतृत्व में घाटगेट बाजार और सांगानेर विधानसभा के मानसरोवर ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष रतन सैनी के नेतृत्व में वीटी रोड चौराहा मानसरोवर में, सांगानेर ब्लॉक अध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में पिंजरापोल गौशाला टोंक रोड सांगानेर, मालवीय नगर विधानसभा में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर 80 फीट रोड महेश नगर पर विधायक प्रत्याशी अर्चना शर्मा और ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता फौजदार के नेतृत्व में नारेबाजी कर पुतला दहन किया गया।

# घर के बाहर खड़ी कार को आग के हवाले किया

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना इलाके में बाइक सवार होकर आए दो बदमाशों ने वकील के घर के बाहर खड़ी कार को आग के हवाले कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में दो बदमाश हाथों में ज्वलनशील पदार्थ की बोतल लेकर कार के पास पहुंचे। फिर उन्होंने कार पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर उसे आग लगा दी। जैसे ही कार में आग लगी और धमाका हुआ, दोनों बदमाश मौके से बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

वारदात गुरुवार देर रात खोह नागोरियान थाना क्षेत्र के गोविंद नगर इलाके की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है। पुलिस के अनुसार जल्द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। खोह नागोरियान के गोविंद नगर में रहने वाले एडवोकेट मनीष शर्मा (48) ने मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ गोविंद नगर में रहते हैं और रोज की तरह गुरुवार रात को भी उन्होंने अपनी कार घर के सामने रोड किनारे पार्क की थी। देर रात अचानक तेज धमाके की आवाज सुनकर जब वह बाहर निकले तो देखा कि उनकी खड़ी कार से आग की लपटें उठ रही थीं। पड़ोसियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फायर बिग्रेड को बुलाकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जलकर कबाड़ बन चुकी थी।

मनीष का आरोप है कि यह वारदात उनके पड़ोसी बिहारीलाल बैरवा और उसके दोनों बेटों की ओर से करवाई गई हो सकती है। उन्होंने बताया कि बिहारीलाल और उसके बेटे पहले से ही उनसे द्वेष भाव रखते हैं और पूर्व में भी कई बार उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने के लिए षड्यंत्र रच चुके हैं।

## दो युवक ने मंदिर में की चोरी

**जयपुर।** सोडाला थाना इलाके में दो युवक मंदिर में घुसे और वहां से सामान एक कट्टे में भरकर ले गए। यह पूरी घटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार चौधरी स्कूल के पास रावल जी का बंधा निवासी रविंद्र कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि कॉलोनी में स्थित मंदिर में 16 अप्रेल की रात करीब तीन बजे दो युवक घुसे और मंदिर से चांदी का छत्र, तांबे का कलश सहित अन्य सामान एक कट्टे में भरकर ले गए। घटना का पता सुबह सामान गायब मिलने पर लगा। इस पर सीसीटीवी कैमरे चैक किए गए तो दो युवक मंदिर से सामान चुराकर ले जाते नजर आ रहे है।

## हाई सिक्योरिटी जेल में निषिद्ध सामग्री पहुंचाने वाला जेल प्रहरी राज्य सेवा से बर्खास्त

**जयपुर।** अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में निषिद्ध सामग्री ले जाते गिरफ्तार किए गए निलंबित जेल प्रहरी छोटा राम को विभागीय जांच के बाद शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया गया है। इस संबंध में उपमहानिरीक्षक पुलिस कारागार रेंज जोधपुर द्वारा आदेश जारी किए गए हैं।

डीआईजी कारागार मोनिका अग्रवाल ने बताया कि जेल में बन्दियों को निषिद्ध सामग्री पहुंचाने वाली जेल कार्मिकों के विरुद्ध लगातार विभाग सख्त कार्रवाई कर रहा है। डीआईजी अग्रवाल ने बताया कि आरोपी प्रहरी छोटाराम बेल्ट नंबर 5093 की 24 फरवरी को शाम अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में ड्यूटी थी। 24 फरवरी की शाम ड्यूटी पर पहुंचे उक्त प्रहरी की जेल में तैनात आरएसी के कार्मिक कांस्टेबल अमरचंद द्वारा तलाशी ली गई तो प्रहरी की वर्दी की विशल में टेप से लपेटकर तीन मोबाइल सिम कार्ड छुपाए हुए बरामद किए गए। इस संबंध में अजमेर के सिविल लाइन पुलिस थाने में राजस्थान कारागार संशोधन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी प्रहरी को 24 फरवरी को ही गिरफ्तार किया गया। जिसे विभाग द्वारा 27 फरवरी को निलंबित कर दिया गया था। विभागीय जांच पूरी होने के बाद शुक्रवार को डीआईजी कारागार जोधपुर रेंज दिनेश कुमार मीणा द्वारा जेल प्रहरी छोटा राम पुत्र लखाराम बेल्ट नंबर 5093 को राज्य सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

# वक्फ की एक इंच भी संपत्ति लेने वाली नहीं है सरकार : मदन राठौड

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को गरीब मुलसमानों के लिए बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब मुस्लिम भाई-बहनों के हितों को ध्यान में रखकर इस विधेयक को तैयार किया है। इस विधेयक की जानकारी के अभाव में कुछ लोग मुस्लिम समाज के लोगों को गुमराह कर रहे है लेकिन जब वक्फ की संपत्ति का उपयोग गरीब मुसलमानों की शिक्षा, चिकित्सा और उनके उत्थान के लिए किया जाएगा तब मुस्लिम समाज यह समझ जाएगा कि यह हमारे हित में है। राठौड़ ने एक बार फिर स्पष्ट करते हुए कहा कि वक्फ की एक इंच भी संपत्ति सरकार लेने वाली नहीं है। सरकार वक्फ की संपत्तियों को बाहुबलियों के कब्जे से छुडाकर उस संपत्ति से होने वाली आय का उपयोग गरीब मुस्लिम समाज के लोगों के लिए करेगी।

राठौड़ ने बताया कि वक्फ की संपत्ति पर बाहुबलियों ने कब्जा कर रखा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खडगे ने भी वक्फ की 5 एकड़ भूमि पर कब्जा कर रखा था, जो अब लौटा रहे हैं, अभी तक लौटाई नहीं है, अब वक्फ की जमीन लौटाने की पेशकश की है। खडगे ही नहीं, कांग्रेस के कई नेताओं ने वक्फ की संपत्ति पर कब्जा कर लिया और इसका दुरूपयोग कर रहे है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अब वक्फ की संपत्ति पर होने वाले अवैध कब्जों को खाली करवाकर उससे होने वाली आय का उपयोग गरीब मुस्लिम वर्ग के लिए करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 2006 में वक्फ के पास करीबन 6 लाख एकड़ जमीन थी, जिससे प्रतिवर्ष आय हुई 163 करोड़, जबकि 2024 तक वक्फ के पास 37 लाख एकड़ से भी अधिक जमीन हो गई, लेकिन आय में बढ़ोतरी हुई महज 3 करोड़। यह कैसे हो सकता है।

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बनाई गई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में 6 लाख एकड़ जमीन से प्रतिवर्ष 12 हजार करोड़ की आय होनी चाहिए थी, लेकिन आय दिखाई गई महज 163 करोड़। 11837 करोड़ प्रतिवर्ष खा गए। इतना ही नहीं, अब इनकी जमीन 37 लाख 94 हजार एकड हो गई, जिससे आय होनी चाहिए लगभग 100 लाख करोड, जबकि आय हुई 163 करोड। वक्फ संशोधन बिल में इनकी संपत्ति का रजिस्ट्रेशन करने के बाद इसकी वास्तविक आय से गरीब मुसलमानों को लाभ दिया जाएगा।

# हत्या के आरोपी ने खुद का गला काटकर की आत्महत्या

**जयपुर।** झोटवाड़ा थाना इलाके में महिला से छेड़छाड़ कर रहे युवक को पकड़ा तो उसने पेपर कटर से खुद का गला काट लिया। लहूलुहान हालत में पुलिस ने युवक को कांवटिया अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना शुक्रवार को सुबह 8 बजे की है। युवक हत्या के मामले में तिहाड़ जेल जा चुका था। पिछले दिनों ही जेल से बाहर आया था।

थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की पहचान आनंद शर्मा (35) निवासी बानसूर (अलवर) के रूप में हुई है। वह झोटवाड़ा के जोशी मार्ग पर रहता था। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए हैं। पिछले एक सप्ताह से आनंद महिला सफाईकर्मी का पीछा कर छेड़छाड़ कर रहा था। महिला सफाईकर्मी ने अपने पति को इस बारे में बताया था। महिला सफाईकर्मी के काम पर जाने के दौरान पति ने ध्यान रखना शुरू किया था।

शुक्रवार को नशे में आनंद ने रोज की तरह महिला सफाईकर्मी से छेड़छाड़ की। इसी दौरान महिला के पति ने उसको पकड़ लिया। कहासुनी होने पर युवक धक्का देकर भाग गया। महिला से छेड़छाड़ करने की आवाज लगाकर पीछा करने पर लोगों ने उसको पकड़ लिया। लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस के हवाले करने की कहने पर उसने पेपर कटर से खुद का गला काट लिया। पेपर कटर से चार-पांच बार गला रेतने से खून बहने लगा। खून बहता देखकर लोगों ने उसे छोड़ दिया।

देखते ही देखते कुछ ही देर में गले से निकल रहे खून से वह पूरी तरफ लहूलुहान हो गया। जिसे देखकर लोग वहां से भाग गए।

हाथ में पेपर कटर लेकर आनंद भी उनके पीछे दौड़ा। लहूलुहान हालत में भागते हुए बोलता रहा था कि आओ अब पकड़ो। महज 20 मीटर दूर तक भागने के बाद वह निढाल होकर सड़क किनारे गिर गया। पुलिस की प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि युवक मर्डर के मामले में तिहाड़ जेल में बंद था। कुछ समय पहले ही जेल से बाहर आया था। दिल्ली में मर्डर और जेल से बाहर आने के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आनंद जयपुर में रहकर मूर्तियां बनाने का काम करता था।

## युवक से ठगे साढ़े तीन लाख

**जयपुर।** चित्रकूट थाना इलाके में सीबीआई अधिकारी बनकर नौकरी लगाने के नाम पर एक युवक से साढ़े तीन लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार गुडा बैरसर मौखमपुरा निवासी मदन लाल कुमावत ने मामला दर्ज करवाया कि राविंद्र शर्मा ने खुद को सीबीआई में पेपर लीक अधिकारी बनकर उससे नौकरी लगाने के नाम पर 3.46 लाख रुपए ले लिए।

## जयपुर में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड का भव्य स्वागत-अभिनंदन किया जाएगा : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड का गुलाबी नगरी में भव्य स्वागत किया जाएगा। विदेशी महेमानों का पलक पांवड़े बिछाकर जयपुर में अभिनंदन किया जाएगा और जयपुर की स्थापत्य कला, धार्मिक पर्यटन के साथ हमारी धरोवर का निरीक्षण करवाया जाएगा। राठौड़ ने बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड के इस दौरे का राजस्थान और भारत को व्यापारिक दृष्टि के साथ सामरिक दृष्टि से विशेष लाभ मिलेगा।

राठौड़ ने कहा कि विश्व में राजस्थान और राजस्थान में भी जयपुर का हर क्षेत्र में विशेष दर्जा है। फिर चाहे वो पर्यटन का क्षेत्र हो, या फिर हमारी स्थापत्य कला का प्रदर्शन का मामला हो, राजधानी जयपुर में आने वाला प्रत्येक पर्यटक यहां से प्रसन्न होकर जाता है। ऐसे में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड और उनकी पत्नी उषा चिलुकुरी का हम सभी के लिए गौरव का विषय है। इस दौरे से अमेरिका के साथ हमारे संबंध और अधिक मधुर होंगे। वहीं टैरिफ के सवाल पर राठौड़ ने कहा कि भारत प्रगतिशील देश है, आज हम निर्यात करने की स्थिति में है। वहीं आज के परिपेक्ष्य में अमेरिका को भी जरूरत है। ऐसे में हमारा प्रयास रहेगा कि आपसी सामांजस्य से टैरिफ नीति पर चर्चा की जाए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारा प्रयास है कि विदेशी मेहमानों को जंतर-मंतर, हवामहल, आमेर किला सहित हमारे धार्मिक स्थल, हमारी पुरातत्व कला, हमारे व्यंजनों के साथ कई चीजों से उन्हें रूबरू कराया जाए।

## सार-समाचार

### अभिलाषा वुमेन वेलफेयर सोसाइटी ने बांधें परिंडे

**जयपुर।** अभिलाषा वुमेन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आज स्थानीय द्वारकादास पार्क में पक्षियों के लिए परिंडे बांधें गए। इसके अलावा राहगीरों को भी परिंडे दिए गए। कुल मिलाकर आज 101 परिंडे लगाए गए। सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ रमा माथुर ने बताया की भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए यह कदम उठाया गया है। पार्क में आने वाले लोगों को भी परिंडे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। सोसाइटी की ओर से पक्षियों के लिए परिंडे बाँटने का कार्य हर वर्ष किया जाता है। इस अवसर पर सोसाइटी के अन्य पदाधिकारी डॉ अंटू सक्सेना, कल्पना माथुर, विजयलक्ष्मी, जया कल्ला और अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

### प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव बढ़ाने पर विशेष ज़ोर

**जयपुर।** राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में प्रवासी राजस्थानियों का सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने देश-विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव बढ़ाने पर बल दिया है। इसी क्रम में 17 अप्रैल को राजस्थान फाउंडेशन और लघु उद्योग भारती द्वारा संयुक्त रूप से इंदौर/देवास में प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इंदौर, देवास एवं आस पास के स्थानों से प्रवासी राजस्थानियों ने भाग लिया और राजस्थान से अपने जुड़ाव के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा ने प्रवासी समुदाय को संबोधित किया। डॉ. अरोड़ा ने अपने संबोधन के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से राजस्थान सरकार द्वारा प्रवासी राजस्थानियों के लिए किये गए नवाचारों और योजनाओं की जानकारी साझा की। डॉ. अरोड़ा ने 2024 (निवेश प्रोत्साहन नीति) की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और राज्य सरकार द्वारा जारी की गई विभिन्न निवेश अनुकूल आकर्षक सेक्टोरल नीतियों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल प्रवासी राजस्थानियों ने न केवल अपने अनुभव साझा किए बल्कि राजस्थान के विकास में अपनी भागीदारी को लेकर गहरी रुचि और उत्साह भी दिखाया। लघु उद्योग भारती, देवास द्वारा मध्यप्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अपने उद्योग चला रहे प्रवासी राजस्थानियों को मेमेंटो देकर उद्योग सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऋतुराज सिंह, जिलाधीश देवास, ओमप्रकाश मित्तल (पूर्व अखिल भारतीय अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती), समीर मुंडड़ा (अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष, लघु उद्योग भारती), रचना तलाटी, अध्यक्ष, महिला इकाई, लघु उद्योग भारती, देवास, किंशु गुप्ता, सचिव, महिला इकाई, लघु उद्योग भारती, देवास, राधिका मुंदड़ा, सह-संयोजक, महिला इकाई, लघु उद्योग भारती, देवास एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### कच्ची बस्तीवासियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**जयपुर।** द संकल्प संगठन की ओर से चलाए जस रहे अभियान के तहत शुक्रवार को यूएमसीजे यूनिट महारानी कॉलेज की छात्राओं ने कठपुतली नगर कच्ची बस्ती में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक किया तथा सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। रिया मंडोवरा, पलक साहू, भाविनी शर्मा आदि छात्राओं ने बस्तीवासियों को आभा कार्ड, आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के बारे में विस्तार से बताया तथा इसके अंतर्गत सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने का आ ान किया। छात्रा रिया ने आभा कार्ड के बारे में बताते हुए कहा कि आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के तहत आम नागरिकों को पंजीकृत किया जा रहा है, जिससे उनका स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप में संधारित होगा। यह आईडी 14 अंकों का यूनिक नंबर है, जिससे अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से लिंक कर सकते हैं।